Re: Regular services of train numbers 05305 and 05306-laid

डॉ. आलोक कुमार सुमन (गोपालगंज): ग्रीष्मकाल विशेष रेलगाड़ी संख्या 05305 जो छपरा जंक्शन से आनंदविहार टर्मिनल के लिए मंगलवार एवं शुक्रवार को चलती है तथा रेलगाड़ी संख्या 05306 जो आनंद विहार जंक्शन से छपरा जंक्शन के लिए बुधवार और शनिवार को चलती है, के बारे में उल्लेख करना चाहता हूँ जो मेरे संसदीय क्षेत्र गोपालगंज के लोगों के लिए और दूसरे अन्य जिलों देवरिया, कुशीनगर एवं सीवान के लोगों के लिए आवाजाही का बहुत ही महत्वपूर्ण साधन बन गई है । इन रेलगाड़ियों के माध्यम से यहाँ की जनता को बड़े शहरों में जाने के लिए सरकार के द्वारा एक सराहनीय साधन मिल गया है । इन रेलगाड़ियों के चलने से न केवल सैंकड़ों रेल यात्रियों को फायदा है बल्कि कृषि एवं किसान की भी प्रगति हो रही है । इन रेलगाड़ियों से रेल यात्री बड़े शहरों में इलाज के लिए जाते हैं तथा थावे जंक्शन के समीप स्थित मां दुर्गा के मंदिर सहित अन्य तीर्थ स्थलों के दर्शन भी करते हैं । थावे जंक्शन से वाणिज्यिक सुविधाओं के साथ-साथ भारतीय रेल को पर्याप्त राजस्व भी प्राप्त होता है । मैं माननीय रेल मंत्री जी से आग्रह करता हूं कि इन ग्रीष्मकाल विशेष रेलगाड़ियों अर्थात रेलगाडी सं 05305 छपरा से आनंद विहार और रेलगाडी सं 05306 आनंद विहार से छपरा को नियमित रूप से चलाया जाए और इसमें पैंट्री कार की भी सुविधा भी प्रदान की जाए ।